

## निमाड़ के शिमला ने ओढ़ी ठंड की चादर



**निवाली।** निमाड़ का शिमला कहा जाने वाला निवाली इन दिनों कोहरे से ढंक गया है। नगर में इन दिनों ठंड से ठिठुरते हुए नगरवासी जगह-जगह अलाव लगाकर एवं गर्म कपड़ों से ठंड का सामना कर रहे हैं। नगर में सोमवार सुबह 10 बजे तक छाया रहा। कोहरा नगर में दो पहिया और चार पहिया वाहन की हेड लाइट लगाकर आवाजाही करना पड़ी। वहीं नगर के बस स्टैंड पर अपनी-अपनी दुकानों व घरों के सामने अलाव जलाकर चाय की चुस्कियां ली। बच्चे स्कूलों में जाते वक्त ठंड के कहर से ठिठुरते नजर आ रहे थे। अचानक मौसम में परिवर्तन से लोगों में गुलाबी ठंड का दिखा असर।

## भगवान के अभिषेक और शांति धारा संपन्न



**बड़वानी।** श्रमण मुनि श्री प्रणुत सागर महाराज जी ने सोमवार को दिगंबर जैन मंदिर में भगवान के दर्शन किए। मुनिश्री के सानिध्य में भगवान के अभिषेक और मुनिश्री के मुखारविंद से शांति धारा संपन्न हुई। परम पुज्य मुनिश्री ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए बताया कि आप को जो कुछ मिला है और मिल रहा है, सब धर्म के अनुसार मिल रहा है। आपने धर्म किया है, तो सुख मिल रहा है यदि पाप किए हैं तो दुख मिल रहा है। पाप किसी को छोड़ता नहीं है, यदि कोई आज गलत कार्य कर के सुखी है तो ये मान के चलिए अभी उसका पिछला पुण्य चल रहा है। इसलिए वो बुरे कार्य में भी सुख भोग रहा है, लेकिन जब पाप कर्म उदय में आते हैं तो वो कष्ट देते हैं और रुलाते भी हैं। धर्म कीजिए निश्चित ही सुख ही सुख मिलेगा। उक्त जानकारी मनीष जैन ने दी।

## 3 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

**बड़वानी।** पुलिस महानिरीक्षक ग्रामीण जोन इंदौर के आदेशानुसार व एसपी जगदीश डावर के निर्देशन, एएसपी धीरज बब्बर व एसडीओपी राजपुर महेश सुनैया के मार्गदर्शन में ऑपरेशन हवालात के तहत विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 5 जनवरी को थाना प्रभारी निवाली आरके लौवंशी ने टीम का गठन किया।



## कलेक्टर, नगर निगम आयुक्त सहित अमला सुबह पहुंचा प्रभावित क्षेत्र में

**इंदौर.** कलेक्टर शिवम वर्मा, नवागत नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने रविवार सुबह से ही नगर निगम अमले के साथ भागीरथपुरा क्षेत्र में पहुँचे. वहाँ उन्होंने भागीरथपुरा क्षेत्र में जलजनित घटना के नियंत्रण के लिये किये जा रहे उपायों के बारे में संबंधित विभागों के अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की. साथ ही क्षेत्रीय नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की समझाईश भी दी. उन्होंने क्षेत्रीय नागरिकों से चर्चा की और उन्हें आश्वस्त किया कि घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है. नागरिकों को शुद्ध जल उपलब्ध हो इसके लिये प्रशासन विभिन्न विभागों के साथ समन्वय कर लगातार कार्य कर रहा है.कलेक्टर ने कहा कि भागीरथपुरा क्षेत्र के नागरिकों को शुद्ध जल मिले, साथ ही बोरिंगों में भी शुद्ध पानी प्राप्त हो, इसके लिये माइक्रो लेवल पर कार्य किया जा रहा है.

साथ ही उसकी निगरानी भी की जा रही है. इस कार्य में नगर

# मतदाता सूची के विशेष गहन पुरीक्षण का कार्य जारी

## प्रारूप मतदाता सूची पर 22 जनवरी तक लिए जाएंगे दावे-आपत्तियां



**बड़वानी, ( नवभारत )।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जारी है। जिले में 23 दिसंबर को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया था। इस प्रारूप सूची के संबंध में मतदाताओं से दावे और आपत्तियां प्राप्त करने का कार्य 22 जनवरी 2026 तक किया जाएगा।

निर्वाचन विभाग के अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के बाद आयोग द्वारा मतदाता सूची में पाई गई लॉजिकल डिस्क्रिपेंसीज चिंहित की गई हैं। इनमें नाम की वर्तनी, उपनाम, जन्मतिथि, पते में त्रुटि अथवा नो-मैपिंग से संबंधित मामले शामिल हैं। इन त्रुटियों के निराकरण के लिए ईआरओ और एईआरओ स्तर पर तहसील एवं अनुविभागीय कार्यालयों में दस्तावेजों की जांच की जा रही है। साथ ही बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सुधार की प्रक्रिया भी की जा रही है। जिला निर्वाचन विभाग ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे प्रारूप मतदाता सूची का अवलोकन कर लें। यदि किसी मतदाता का नाम सूची में नहीं है, गलत दर्ज है अथवा किसी प्रकार का सुधार आवश्यक है, तो संबंधित मतदान केंद्र या निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समक्ष 22 जनवरी तक दावे-आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते हैं।

### फॉर्म 6, 7 और 8 से होंगे सुधार

जिला निर्वाचन विभाग के अनुसार जिन मतदाताओं का नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल नहीं है, वे फॉर्म-6 भरकर नाम दर्ज करा सकते हैं। नाम हटवाने के लिए फॉर्म-7 व नाम, जन्मतिथि, पिता का नाम या पते में सुधार के लिए फॉर्म-8 भरा जा सकता है। यह प्रक्रिया वोटर्स हेल्पलाइन ऐप अथवा निर्वाचन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन भी की जा सकती है।

### चारों विस क्षेत्रों से आए फॉर्म

जिले की चारों विस क्षेत्रों से अब तक बड़ी संख्या में फॉर्म प्राप्त हुए हैं। सेंधवा विधानसभा से फॉर्म-6 के 953, फॉर्म-7 के 20 और फॉर्म-8 के 415 आवेदन मिले हैं। राजपुर से क्रमश: 975, 158 और 386, पानसेमल से 490, 79 और 518 तथा बड़वानी विधानसभा से फॉर्म-6 के 1069, फॉर्म-7 का कोई आवेदन नहीं और फॉर्म-8 के 444 आवेदन प्राप्त हुए हैं। कुल मिलाकर फॉर्म-6 के 3487, फॉर्म-7 के 257 और फॉर्म-8 के 1763 आवेदन आए हैं।

### दस्तावेजों के आधार पर होगा नाम पुन: शामिल

उप जिला निर्वाचन अधिकारी सोहन कनास ने बताया कि जिन मतदाताओं के नाम किसी कारणवश सूची से हट गए हैं, वे फॉर्म 6, 7 या 8 के साथ आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं। 2003 की मतदाता सूची में स्वयं या परिवार के सदस्यों के नाम, जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र अथवा

**नागरिकों से की अपील**

- जिला निर्वाचन विभाग ने सभी नागरिकों से अपील की है।
- दस्तावेजों की जा रही जांच।

# 74 मरीजों का नेत्र परीक्षण

**बड़वानी, ( नवभारत )।** सीएमएचओ डॉ सुरेखा जमरे और डॉ मनोज खन्ना के मार्गदर्शन में लगे नेत्र शिविर में जिले सहित खरगोन और आलिराजपुर जिले से 74 नेत्र मरीज आंखों की जांच कराने आए थे।

सुनील शर्मा ने कहा कि मरीजों का नेत्र परीक्षण कैम्प कोऑर्डिनेटर रविन्द्र टेकाम और डॉ ऋषिकेश ने किया। वहीं सिस्टर लक्ष्मी बेगा ने ब्लड प्रेशर और मनोज भगोरे ने ब्लड शुगर की जांच की। वार्ड बाय सुधीर सोनाने ओर धर्मेंद्र बिल्लौरे ने शिविर की व्यवस्था सम्भाली। महेश चन्द्र शर्मा ने बताया कि परीक्षण के बाद 20 मरीज में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए। वहीं 3 मरीजों का ब्लड शुगर अधिक होने से लैंस प्रत्यारोपण नहीं किया जा सका। 17 मरीजों को लैंस प्रत्यारोपण के लिए बस से इंदौर भेजा है। राम जाट ने बताया कि शिविर में 3 मरीज ठंड के साधन से नहीं आए थे। उन्हें लायन सुनील शर्मा के सौजन्य से कम्बल दिए गए। शिविर में डीडीपीएम अनिल राठौड़ का विषेश सहयोग रहा। अंत में सचिन शर्मा ने आभार व्यक्त किया। साथ ही बताया कि आगामी शिविर 19 जनवरी को आयोजित किया जाएगा।




# पेयजल के नमूने लेने के दौरान दो हैंड पंप में पाया गया खराब पानी

**नवभारत न्यूज़**
**निवाली, 06 जनवरी.** इंदौर में हुए दूषित पानी के शिकार लोगों को देखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश की प्रत्येक पंचायतों ग्रामों व नगरीय क्षेत्रों से पेयजल स्त्रोतों से पेयजल की गुणवत्ता जांचने के लिए नमूने लिए जा रहे हैं। निवाली विकास खंड के कुल 37 पंचायतों के 63 ग्रामों के लिए जिलाधीश जयति सिंह के मार्गदर्शन में निवाली जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विरल पटेल के द्वारा 8 नोडल अधिकारी और उनके सहायक नियुक्त किए गए हैं। वहीं जिले की प्रत्येक जनपद में विशेष कंट्रोल रूम भी बनाए गए हैं।



पेयजल के नमूने लेने के दौरान निवाली विकासखंड के ग्राम मोजाला, भूलगांव में पटेल फलिया के सुरेश व रमेश के घर के पास वाले दोनों हेंड पम्प में पानी खराब पाया गया। देखा जाए तो निवाली विखं में कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां पेयजल की व्यवस्था बड़ी ही दयनीय है। स्थानीय निवासी परसराम सेनानी ने बताया कि पटेल फल्या स्कूल के पास के हेंड पम्प से काफी समय से पानी खराब आ रहा है, जिसकी इंदौर की घटना के पूर्व तक किसी ने कोई सुध नहीं ली हम और स्कूली छात्र-छात्राएं इसी दूषित पानी को मजबूरी में पी रहे हैं भूलगांव के नोडल अधिकारी रमेश डावर से जब नवभारत पत्रकार सचिन शितोले ने दूरभाष पर चर्चा की तो बताया कि भूलगांव के मोजाला पटेल फलिया में दो हैंडपंप का पानी दूषित पाया गया। वहीं वहां की कुल जनसंख्या लगभग 500 है, वहां अभी तक किसी के बीमार होने की सूचना प्राप्त नहीं हुई है। सुरक्षा की दृष्टि से फिलहाल दोनों हेंडपंपों के पाईपलाइन निकाल कर इन्हें बन्द किया गया है। वहीं उसका सैंपल भी लेब में पहुंचा दिया गया है ताकि कोई खराब पानी का किसी रूप से उपयोग नहीं कर पाए अभी ग्रामीणों के लिए आसपास के खेतों के नलकूप व कुओं से वैकल्पिक व्यवस्था की गई है।

### मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने दी जानकारी

वहीं जब इस संबंध में निवाली जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विरल पटेल से चर्चा कि तो उन्होंने बताया कि शासन के निर्देश अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों से समस्त पेयजल स्त्रोतों से उपलब्ध होने वाले पेयजल के नमूने पानी कि गुणवत्ता जानने के लिए एकत्रित किए जा रहे हैं जिनमे 37 ग्राम पंचायतों में से 111 हेंड पंप 25 बोरवेल 12 सार्वजनिक कुएं 13 निजी कुवे 21 नलजल योजना कुल नल जल योजना के कुल 182 नमूने एकत्रित किए गए जिनमें से 159 नमूने पीएचई विभाग के पास भिजवा दिए गए है वही शेष 24 भिजवाना अभी बाकी है।

# भागीरथपुरा हादसे को लेकर कांग्रेस की न्याय यात्रा 11 को

- हर वार्ड में मृतकों को श्रद्धांजलि और मंत्री के इस्तीफे की मांग

**नव भारत न्यूज**
**इंदौर.** शहर में भागीरथपुरा क्षेत्र के 16 लोगों की गंदे पानी से मौत होने पर कांग्रेस 11 जनवरी को न्याय यात्रा निकालेगी. शहर के सभी वार्डो में मृतकों को श्रद्धांजलि और नगरीय प्रशासन मंत्री के इस्तीफे की मांग की जाएगी. उक्त निर्णय आज कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन में प्रदेश अध्यक्ष की मौजूदगी में लिया गया.प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बताया कि 11 जनवरी को न्याय यात्रा बड़ा गणपति चौराहा से शुरू होकर राजवाड़ा पर अहिल्या प्रतिमा पर समाप्त होगी. कांग्रेस उक्त यात्रा के द्वारा सभी मृत व्यक्तियों के परिवार के लिए न्याय मांगा जाएगा. भागीरथपुरा में गंदा पानी सप्लाई करने के बाद मौत कोई साधारण मौत या लापरवाही न होकर एक सुनियोजित हत्या है. ऐसे में यह आवश्यक है कि घटना के दोषियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाए.




# कार्यकर्ताओं से कैलाश बोले ... कांग्रेस को मुद्दा नहीं बनाने देना

**नव भारत न्यूज**
**इंदौर.** भागीरथपुरा कांड होने के बाद विभागीय मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को दिल्ली तलब किया गया था. दिल्ली में क्या बातचीत हुई, यह अलग बात है, लेकिन दिल्ली से आते ही विजयवर्गीय ने विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर कहा कि कांग्रेस को मुद्दा नहीं बनाने देना है. भागीरथपुरा में पानी से लेकर हर तरह की मदद पहुंचाई जाए.

प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री और विधानसभा एक से विधायक कैलाश विजयवर्गीय को शहर में भागीरथपुरा कांड के बाद दिल्ली बुलाया गया था. दिल्ली से लौटते ही कैलाश विजयवर्गीय ने आनन फानन में बैठक बुलाई. बैठक परदेशीपुरा स्थित कनकेश्वरी देवी मंदिर में रखी गई थी, जिसमें विधानसभा एक के मंडल अध्यक्ष से लेकर वार्ड अध्यक्ष तक बीजेपी कार्यकर्ताओं शामिल हुए. बैठक में विधायक रमेश मेंदोला और कैलाश विजयवर्गीय समर्थक को भी विशेष तौर पर बुलाया गया था. बैठक में विजयवर्गीय ने भागीरथपुरा मामले को लेकर कार्यकर्ताओं से कहा कि किसी स्थिति में कांग्रेस को मुद्दा नहीं बनाने देना है. भागीरथपुरा में पीड़ितों को उपचार के हरसंभव मदद के लिए क्षेत्र में सक्रिय रहे.



रहवासियों को पीने का पानी उपलब्ध करवाएं, किसी को राशन की जरूरत है तो भिजवाएं. भागीरथपुरा के रहवासियों को राहत सामग्री में कोई कमी नहीं आने देना है, जैसी बाते कही गई है. इसके बाद देर रात विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव और विधायक रमेश मेंदोला ने कहीं और जाकर मौजूदा समस्या पर काबू पाने के विषय में भी अलग से चर्चा की.

## भागीरथपुरा में आयुष विभाग करेगा आयुर्वेद दवाइयों का वितरण

**इंदौर.** शहर के भागीरथपुरा में संक्रमण के कारण प्रभावित लोगों के लिए आयुष विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयुर्वेदिक औषधि वितरण करने की योजना तैयार की है. सोमवार सुबह 9 बजे से जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से शासकीय अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय तथा आयुष विभाग के चिकित्सकों के द्वारा चिकित्सा शिविर का आयोजन एवं औषधी का वितरण एवं परामर्श किया जाएगा। इसके लिए आयुर्वेद चिकित्सकों की टीम स्थानीय संजीवनी क्लिनिक के डॉक्टरों के साथ मिलकर औषधि वितरण के साथ-साथ सभी मरीजों का रिकॉर्ड भी रखेगी और मरीज का फॉलो अप भी करेगी.

# नगरीय निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल व्यवस्था के निर्देश

## कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों की ली बैठक

**इंदौर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार कलेक्टर शिवम वर्मा द्वारा आज इंदौर जिले के समस्त नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों, समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, नगरीय निकायों के इंजीनियरों तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्रियों की समीक्षा बैठक ली गई.**

बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्रीजी के निर्देशों के क्रम में जिले के सभी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समुचित, सुरक्षित एवं निर्बाध व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले के समस्त जल स्त्रोतों—जिनमें बोरवेल, हैंडपंप, कुएं, जल टंकियां एवं अन्य पेयजल स्त्रोत शामिल हैं,का नियमित क्लोरीनीकरण किया जाए. इसके साथ ही सभी जल स्त्रोतों से पेयजल के सैंपलिंग एवं टेस्टिंग की जाए. जल स्त्रोतों के आसपास नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए तथा समस्त पेयजल पाइप लाइनों की मरम्मत एवं समुचित सफाई कराई जाए. कलेक्टर ने निर्देश दिए कि उपरोक्त सभी कार्य मिशन मोड में 07 दिवस के भीतर पूर्ण किए जाएं.

### शिकायत मिलने पर त्वरित कारवाई करें

कलेक्टर श्री वर्मा ने यह भी निर्देशित किया कि पेयजल से संबंधित कोई भी शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही नगरीय निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने हेतु सतत निगरानी एवं आवश्यक कदम उठाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए.

**समस्या** — दूसरे क्षेत्रों में भी कभी भी बन सकती है भागीरथपुरा जैसी स्थिति

# लंबे समय से पूरे शहर में बनी हुई है दूषित पानी की समस्या



**इंदौर. पूरे शहर में दूषित पानी की समस्या पिछले कई वर्षो से बनी हुई है. भागीरथपुरा में दूषित पानी के कारण हुई घटना अत्यंत चिंताजनक और हृदयविदारक है.**

ऐसी स्थिति किसी भी क्षेत्र में कभी भी फिर हो सकती है. शहर के कई क्षेत्रों में वर्षो से चली आ रही इस समस्या को लेकर नवभारत द्वारा लगातार आवाज उठाने के बावजूद, नगर निगम के अधिकारियों का उदासीन रवैया इस घटना का मुख्य कारण माना जा रहा है.

### तुरंत लाइन चेक करवाऊंगा



क्षेत्र में पानी सप्लाई और सीवरेज लाईन को चेक किया जा रहा है . पिछले पांच दिनों से यही कार्य हो रहा है . आप जहां बता रहे हैं, वहां भी तुरंत लाईन चेक करवाता हूं .

**- पुष्पेंद्र पाटीदार, पार्षद**

रोबोट चौराहा से एक किलोमीटर पूर्व की ओर घनी बस्तियों में जन समस्याओं को लेकर जब नवभारत वार्ड क्रमांक 40 में पहुंचा तो यहां भी दूषित पानी की समस्या देखने को मिली. वार्ड की श्रीमाया कॉलानी, जहां मध्य वर्ग के लोग निवासरत हैं, यहां दोनों ओर कई गलियां हैं, जहां सुबह-सुबह क्षेत्रवासी पानी भरते नजर आए. वार्डवासियों से जब पानी को लेकर बात की गई तो पता चला कि क्षेत्र में नर्मदा लाईन तो डाली गई है, लेकिन उसमें दूषित पानी आता है. कुछ देर बाद साफ पानी मिल पाता है, लेकिन उसमें दुर्गंध बनी रहती है. ऐसे पानी में अगर दवा नहीं डाली जाए तो उसमें कीड़े पडने लगते हैं. वहीं, क्षेत्र में सरकारी बोरिंग भी लगा हुआ है, लेकिन उसका पानी खारा होने से लोग उसे पीने के लिए इस्तेमाल नहीं करते. कई बार तो पानी के दोनों ही साधनों में समस्या होने पर लोगों को दूर-दूर से और दूसरे क्षेत्र से पानी लाना पड़ता है. जबसे भागीरथपुरा की घटना हुई है, वार्ड 40 के रहवासियों में भी डर बना हुआ है.

### यह बोले रहवासी ...



नर्मदा का पानी केवल 15 मिनट आता है, उसमें भी शुरूआत में बहुत ही गंदा पानी आता है, मात्र 8-10 मिनट ही पानी मिलता है, वह भी बदबूदार. इस तरह के दूषित पानी से इस क्षेत्र में भी भागीरथपुरा जैसी बीमारी फैल सकती है.

**- मैना बाई चावले**



नल आते हैं, लेकिन इतना गंदा पानी आता है कि उसे तो फैंकना ही पड़ता है. कई बार तो पूरे समय गंदा पानी आता है. वह पानी इतना बदबू वाला होता है कि उसे कैसे इस्तेमाल करें.

**- किशन लाल**



क्षेत्र में बोरिंग का पानी खारा है, जिसे पीने में इस्तेमाल नहीं कर सकते, उसको भी ज्यादा समय रखो तो उसमें भी कीड़े पड़ जाते हैं. इसलिए कई बार पानी की टंकी से पानी लाते हैं.

**- अनिल राणा**

# दूषित पानी कांड से सबक लेकर आगे बढ़ना है ...

**नव भारत प्रतिनिधि**
**इंदौर.** दूषित जल से इंदौर में मौत के तांडव के बाद यह शहर अपने आप में पहली तरह के संकट के दौर से गुजर रहा है. इंदौर ने कई संकट देखे हैं. यहां जहरीला शराब कांड भी हुआ है. सांप्रदायिक दंगों का सामना भी शहर ने किया है.यहां बावड़ी कांड भी हुआ है जिसने हम सबको हिला कर रख दिया था. यहां शराबी ट्रक चालक ने बेकसूर लोगों की जान भी ली है. और भी ऐसे कई अवसर आए हैं जब हमें चुनौतियों का सामना करना पड़ा है. हाल ही में हुआ दूषित पेयजल कांड इंदौर के लिए एक सबक है. यह टीस लंबे समय तक इस शहर को सताती रहेगी .इस घटना से हमें सीख लेकर अब आगे बढ़ाना है.

देश का सबसे स्वच्छ शहर इंदौर जनभागीदारी की ताकत से हर छोटे-बड़े संकट को पार करता आया है. इंदौर ने जब-जब किसी भी प्रकार का संकट देखा है, तब-तब शहर की छवि को सामने रखकर, एकजुट होकर उस संकट से बाहर निकलने का रास्ता भी चुना है. भागीरथपुरा में गंदा पानी पीने से लोगों की मृत्यु होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और हृदय विदारक है. इस घटना से न केवल कई परिवारों का संसार उजड़ गया, बल्कि शहर की वर्षों में बनी छवि को भी गहरा आघात पहुँचा है. अब इस छवि को सुधारना और यह सुनिश्चित करना कि हर नागरिक को स्वच्छ और सुरक्षित पानी मिले- इसी दिशा में सामूहिक प्रयास ही आगे की सही राह है.यह भी सत्य है कि केवल इंदौर ही नहीं, बल्कि देश के हर शहर में गंदे पानी से जुड़ी शिकायतें पोर्टलों पर दर्ज होती रहती हैं. इन शिकायतों का समय पर निराकरण करना नगर निगम के अधिकारियों और पार्षदों की जिम्मेदारी है. यदि जिम्मेदारी में चूक न होती, तो शायद इतना बड़ा हादसा नहीं होता.